# UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 5 मेरी माँ (मंजरी)

**प्रश्न-अभ्यास**

**विचार और कल्पना**

**प्रश्न 1.**
अगर घर की माताएँ पढ़ी-लिखी हों, तो वे घर को कैसे स्वर्ग बना सकती हैं? अपने विचार लिखिए।
**उत्तर :**
अगर घर की माताएँ पढ़ी-लिखी हों, तो वे घर में सुसंस्कृत परिवेश बनाए रख सकती हैं। वे बच्चों को स्वयं पढ़ा-लिखाकर उन्हें योग्य बनाने, पारिवारिक सदस्यों में सामंजस्य तथा सौहार्द्र बनाए रखने में सहायता कर सकती हैं।

**पाठ से**

**प्रश्न 1.**
नीचे दिए गए प्रश्नों में उत्तर के रूप में तीन विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प पर सही का निशान लगाइए (निशान लगाकर) –

**(अ) बिस्मिल की माँ का विवाह**

**(क)** ग्यारह वर्ष की अवस्था में हुआ था।
**(ख)** अट्ठारह वर्ष की अवस्था में हुआ था।
**(ग)** बीस वर्ष की अवस्था में हुआ था।

**(ब) बिस्मिल के क्रान्तिकारी जीवन में उनकी माँ ने उनकी वैसी ही सहायता की, जैसी –**

**(क)** भगत सिंह की उनकी माँ ने की थी।
**(ख)** चन्द्रशेखर आजाद की उनकी माँ ने की थी।
**(ग)** मेजिनी की उनकी माँ ने की थी।

**(स) बिस्मिल ने माता को धैर्य धारण करने के लिए कहा; क्योंकि उनका पुत्र**

**(क)** कायर का जीवन नहीं जीना चाहता था।
**(ख)** छिपकर नहीं रहना चाहता था।
**(ग)** भारत माता की सेवा में प्राणों की बलि चढ़ाना चाहता था।

**प्रश्न 2.**
बिस्मिल की माँ ने पढ़ना-लिखना कैसे सीखा?
**उत्तर :**
'बिस्मिल' की माँ ने घर पर ही सहेलियों की मदद से पढ़ना-लिखना सीखा।

**प्रश्न 3.**
रामप्रसाद बिस्मिल' ने कहा था, "इस संसार में मेरी किसी भी भोग-विलास तथा ऐश्वर्य की इच्छा नहीं, केवल एक तृष्णा है....." वह तृष्णा क्या थी ? लिखिए –
**उत्तर :**
अमर शहीद रामप्रसाद 'बिस्मिल' की तृष्णा थी कि एक बार श्रद्धापूर्वक माँ के चरणों की सेवा कर अपने जीवन को सफल बना लेता।

**प्रश्न 4.**
इस पाठ की किन-किन बातों ने आपको प्रभावित किया? क्यों?
**उत्तर :**
इस पाठ में राम प्रसाद बिस्मिल को अपनी माँ के प्रति और भारत के प्रति जो आदर और श्रद्धा-भक्ति व्यक्त की है वह अनुकरणीय है। बिस्मिल के इन्ही गुणों ने मुझे बहुत प्रभावित किया। क्योंकि ये गुण सबमें नहीं पाए जाते।

**भाषा की बात**

**प्रश्न 1.**
'प्रबन्य' में 'प्र', 'परिश्रम" में "परि', 'अवलोकन में 'अव', 'निर्वाह' में 'निर्' उपसर्ग लगे हैं। इन्हीं उपसर्गों की सहायता से तीन-तीन नए शब्द बनाइए (शब्द बनाकर) –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्र** | – | प्रवेश | प्रयोजन | प्रमुख |
| **परि** | – | परिमाण | परिवेश | परिक्रमा |
| **अव** | – | अवशेष | अवमानना | अवगुण |
| **निर्** | – | निर्जन | निरक्षर | निर्जीव |

**प्रश्न 2.**
अवर्णनीय' में 'ईय' और 'धार्मिक' में 'इक' प्रत्यय है। इन प्रत्ययों की सहायता से चार-चार नए शब्द बनाइए (शब्द बनाकर) –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **ईय** | – | अकथनीय | असहनीय | दर्शनीय | अतुलनीय |
| **इक** | – | सामाजिक | मासिक | दैनिक | वार्षिक |

**प्रश्न 3.**
निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए (संधि-विच्छेद करके) –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **परमात्मा** | – | परम + आत्मा | **प्रत्येक** | – | प्रति + एक |
| **भोजनादि** | – | भोजन + आदि | **सदैव** | – | सदा + एव |

**प्रश्न 4.**
कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके) –

**(के, ने, को, की, में, से, के लिए)**

https://www.evidyarthi.in/

**(क)** शाहजहाँपुर आने के थोड़े दिनों के बाद दादी जी ने अपनी छोटी बहन को बुला लिया।
**(ख)** तुम्हारी दया की छाया में मैंने अपने जीवन भर में कोई कष्ट न अनुभव किया।
**(ग)** तुम्हारी दया से ही मैं देश-सेवा में संलग्न हो सका।
**(घ)** आपके आदेश की पूर्ति करने के लिए मुझे अपनी प्रतिज्ञा भंग करनी पड़ी।

**प्रश्न 5.**
नीचे दिए गए वाक्यों को सही पदक्रम में लिखिए –

**(क)** बुला लिया अपनी छोटी बहन को दादी ने।
**उत्तर :**
दादी ने अपनी छोटी बहन को बुला लिया।

**(ख)** अवलोकन करने लगीं देवनागरी पुस्तकें वे।
**उत्तर :**
वे देवनागरी पुस्तकों का अवलोकन करने लगीं।

**(ग)** भंग करनी पड़ी थी मुझे अपनी प्रतिज्ञा।
**उत्तर :**
मुझे अपनी प्रतिज्ञा भंग करनी पड़ी थी।

**(घ)** ध्यान आ जाता तुम्हारी स्वर्गीय मूर्ति का मुझे।
**उत्तर :**
मुझे तुम्हारी स्वर्गीय मूर्ति का ध्यान आ जाता।

**प्रश्न 6.**
ग्यारह वर्ष की ..... कहते हैं।
अब आप नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए और उनके विशेषण भेद लिखिए (लिखकर) –

**(क)** सभी सदस्य खा रहे हैं। – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
**(ख)** कुछ लोग टहल रहे हैं। – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
**(ग)** मुझे दो दर्जन केले दे दो। – निश्चित संख्यावाचक विशेषण
**(घ)** मैंने चार रुपये का आम खरीदा। – निश्चित संख्यावाचक विशेषण